## कार्यालय, आयुक्त,
## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
## :: संचालनालय ::
## ब्लॉक–डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0)

क्रमांक/आदि0यो0/03/2020–21/ नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक

**गुरू घासीदास सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान सम्मान**
**वर्ष 2020 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करने हेतु द्वितीय विज्ञापन**

–0–

छत्तीसगढ़ राज्य में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा अनुसूचित जाति के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले **एक व्यक्ति या एक स्वैच्छिक संस्था को सम्मानित कर** प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा "गुरू घासीदास की स्मृति में प्रदेश स्तर का सम्मान प्रदान किया जाता है।" सम्मान के अंतर्गत **रूपये दो लाख नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह युक्त प्रशस्ति** पटि्टका दिये जाने का प्रावधान है। इस सम्मान हेतु आवेदन पत्र/प्रविष्टियां बंद लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा **दिनांक 23.11.2020 कार्या0 समय सायं 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।** पूर्व में आवेदन/प्रविष्टियॉ जमा कर चुके आवेदकों को पुनः आवेदन/प्रविष्टियॉ प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

**2/ प्रविष्टियां/आवेदन एवं चयन की प्रक्रिया के मापदण्ड :–**

**सम्मान के लिए प्रविष्टियां/आवेदन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किए जा सकते है :–**

1. व्यक्ति/संस्था का पूर्ण परिचय ।
2. अनुसूचित जाति के लोगों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के लिए किये गये कार्यो की सप्रमाण विस्तृत जानकारी ।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण ।
4. सामाजिक आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इनके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित) ।
5. अनुसूचित जाति के लोगों में सामाजिक चेतना जागृत करने तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उसके उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं/ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य ।
6. व्यक्ति/संस्था के निरंतर एवं निर्विवाद होने के बारे में जिलाध्यक्ष का नवीनतम (ताजा) प्रमाण पत्र ।
7. चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति/संस्था की सहमति।
8. ज्यूरी अथवा उसके किसी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति/संस्था द्वारा व्यक्ति/संस्था के कार्यो के प्रत्यक्ष आकलन के संबंध में सहमति ।
9. चयन के लिये नियमों में निर्दिष्ट मापदण्डों के अलावा कोई और शर्ते लागू नहीं होगी ।
10. एक बार चयन नही होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि संबंधित व्यक्ति/संस्था का कार्य दोबारा पुरस्कार हेतु विचारणीय नही हैं।
11. प्रविष्टि में अंतर्निहित तथ्यों/जानकारी के अलावा अन्य पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार पर पुरस्कार के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
12. प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों/निष्कर्षो/प्रमाणों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टिकर्ता का रहेगा । इस मामलें में राज्य शासन किसी भी विवाद में पक्ष नहीं माना जायेगा।
13. प्रविष्टियॉ/आवेदन पत्र के लिफाफे पर "गुरूघासीदास सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान सम्मान **वर्ष 2020" अंकित होना चाहिए।**
14. योजना नियम की प्रति विभागीय वेबसाईट www.cgtribal.gov.in पर उपलब्ध है।

**3/** संस्था/व्यक्ति को आवेदन में इस आशय की अण्डरटेकिंग देना होगा कि ज्यूरी अथवा उसके किसी भी सदस्य अथवा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा संस्था/व्यक्ति के कार्यो का प्रत्यक्ष आंकलन किया जा सकता है। इस हेतु वे (संस्था/व्यक्ति) सहमत हैं। इसी प्रकार चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने की सहमति देनी होगी।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0)